नहर सफाई के नाम पर लाखों का फर्जीवाड़ा

विधायक रजनीश सिंह के निरीक्षण में हुआ खुलासा

प्रमुख अभियंता ने दिए जांच के आदेश

केवलारी नवभारत। जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों की सफाई के नाम पर हर साल लाखों की भ्रष्टाचार किया जाता है जिसमें सफाई के नाम पर जेसीबी,पोकलैंड के फर्जी बिल अपने करीबी लोगों के फार्म के नाम पर लगाकर सरकार को लाखों का चूना लगाया जाता है ।कागजों में लाखों रुपये खर्च दिखाए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि नहरें झाड़ियों, गाद और कचरे से भरी हुई हैं, जिसके कारण टेल के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

जांच के आदेश

गौरतलब है कि नवभारत समाचार के द्वारा पूर्व में भी नहरों की सफाई के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा किया गया था। जिसपर संज्ञान में लेते हुए प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल द्वारा इस पूरे मामले की जांच के आदेश भी जारी किए गए थे। हालांकि जांच के आदेशों के बाद भी हालात में कोई खास सुधार नहीं दिखाई दे रहा है।

विधायक रजनीश सिंह ने इसे सिंचाई विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही बताते हुए नाराजगी जताई और मौके पर ही सिंचाई विभाग के इंजीनियर नाग को तत्काल प्रभाव से नहरों की सफाई कराने के निर्देश दिए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के हक के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अब बड़ा सवाल यह है कि नहर सफाई के नाम पर हुए फर्जीवाड़े पर क्या रजनीश सिंह वास्तव में सख्त कार्रवाई करा पाएंगे या फिर यह पूरा मामला केवल निरीक्षण, वीडियो बनाने और सोशल मीडिया तक ही सीमित रह जाएगा। किसान अब ठोस कार्रवाई और नहरों में वास्तविक सफाई का इंतजार कर रहे हैं।

किसानों की शिकायत पर विधायक ने किया निरीक्षण

इसी बीच केवलारी विधायक रजनीश सिंह के क्षेत्रीय दौरे के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें नहरों में पानी न पहुंचने की गंभीर शिकायत की। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक रजनीश सिंह जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और नहरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि नहरों की समुचित सफाई नहीं की गई है, जिससे पानी बीच रास्ते में ही रुक जा रहा है और किसानों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र पलारी की लापरवाही से किसान तबाह

चेक गुम, खाता खाली : किसान का एक लाख डूबा, ब्रांच मैनेजर ने मानी चेक गुम होने की बात, कार्रवाई की उठी मांग

खैरा पलारी नवभारत। सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम खैरा पलारी स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित घोर लापरवाही के चलते एक मेहनतकश किसान को सीधा एक लाख रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है।

ग्राम नवीन पलारी निवासी किसान मनोज ठाकुर ने बताया कि उन्होंने हाल ही में एक प्लॉट का सौदा किया था। सौदे के तहत उन्होंने एक लाख रुपये बयाना देकर प्लॉट बुक किया था, जिसकी अंतिम रजिस्ट्री तिथि 4 दिसंबर 2025 तय थी। रजिस्ट्री के लिए पैसों की जरूरत पड़ने पर किसान ने अपनी मक्का की फसल कम दाम पर श्रीराम ट्रेडर्स, पलारी को बेच दी। भुगतान के बदले श्रीराम ट्रेडर्स द्वारा 1,50,645 रुपये का चेक दिया गया, जिसे किसान ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पलारी स्थित अपने बचत खाते में जमा किया। हैरानी की बात यह है कि चेक देने वाली फर्म का खाता भी उसी बैंक में है, इसके बावजूद कई दिनों तक राशि खाते में स्थानांतरित नहीं की गई।

रजिस्ट्री के दिन भी खाते में नहीं आए पैसे

मनोज ठाकुर ने 3 दिसंबर तक खाते में रकम आने का इंतजार किया। 4 दिसंबर को रजिस्ट्री के दिन भी जब पैसे नहीं आए तो उन्होंने प्लॉट विक्रेता से दो दिन का समय मांगा। लेकिन 6 दिसंबर 2025 तक भी बैंक द्वारा राशि ट्रांसफर नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि प्लॉट की रजिस्ट्री रद्द हो गई और बयाने के रूप में दिए गए एक लाख रुपये पूरी तरह डूब गए।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पलारी ब्रांच मैनेजर वैभव खरात ने कथित तौर पर चेक गुम होने की बात स्वीकार की। इससे बैंक की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पहले भी विवादों में रहा है बैंक

स्थानीय लोगों का कहना है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र, खैरा पलारी के अधिकारी-कर्मचारी लापरवाह रवैये और खराब व्यवहार को लेकर पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं। हितग्राहियों द्वारा शिकायतें की जा चुकी हैं और यह मुद्दा प्रिंट मीडिया में भी पूर्व में प्रकाशित हो चुका है।

अब देखना यह होगा कि बैंक प्रशासन इस गंभीर मामले में पीड़ित किसान को न्याय दिलाता है या फिर एक बार फिर फाइलों में ही मामला दबा दिया जाएगा।

पुलिस चौकी और उच्च अधिकारियों से शिकायत

पीड़ित किसान ने इस पूरे मामले की शिकायत पुलिस चौकी पलारी में दर्ज कराई है। साथ ही बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों को भी लिखित शिकायत भेजकर 1,50,645 रुपये तत्काल खाते में जमा कराने, बयाने के एक लाख रुपये की भरपाई, और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। वहीं हमारी टीम ने बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के ब्रांच मैनेजर वैभव खरात से बात की, बैंक मैनेजर ने अपनी बात रखते हुए बताया कि खाताधारक मनोज ठाकुर का चेक गुम हो गया है यह बात स्वीकार करी।

साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य नहीं होने से जर्जर हालत में नहरें

छपारा नवभारत। जिला की जीवन रेखा बैंनगंगा नदी जो रीड की हड्डी की भांति समयवार फसलों को अपनी नहरों से सिंचाई दिए जाने से पूर्व के वर्षों में केवलारी के पलारी क्षेत्र का क्षेत्र में गैंहू की फसलों की अच्छी पैदावार से मिनी पंजाब कहलाता था वहीं दूसरी ओर वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण हालत में नहरों की स्थिति में पहुंच जाने एवं एरिकेसन विभाग द्वारा समय-समय पर की जानेवाली साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य नहीं होने से जरुरत के समय

फसलों पर सिंचाई करने के लिए संजय सरोवर भीमगढ बांध से छोड़ा जा रहा नहरों में पानी नहरों में उग आई बड़ी संख्या में झाड़ियों से एक ओर जहां पानी की गति धीमी हो पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है तो वहीं दूसरी ओर अधिकांश टेल नहरों का क्रांकिट किए जाने और मरम्मत कार्य भी समय पर नहीं होने से नतीजतन वर्तमान में भीमगढ बांध से छोड़ा जा रहा नहरों के लिए पानी जहां जरुरत नहीं है वहां बहाया जा रहा है और जिन किसानों के क्षेत्र में अत्यंत आवश्यकता है उनके क्षेत्र की नहरें सूखी पड़ी हैं 13 दिसम्बर को केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने भीमगढ बांध संजय सरोवर की टीएलबीसी टेल क्षेत्र की नहरें ग्राम ग्वारी,छिंदा,डूंगरिया, कुम्हरो,भादुटोला और अलोनिया खापा के बीच पहुंच कर निरिक्षण किया एवं मौके पर उपस्थित एरिकेशन विभाग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरों को जल्द से जल्द साफ-सफाई कर उचित समाधान किया जाए वहीं इसके पूर्व जिला कलेक्टर सिवनी श्रीमती शीतला पटले द्वारा भी उक्त नहरों के साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य समय पर किए जाने को लेकर निरिक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

प्राण प्रतिष्ठा की अंतिम तैयारियों को लेकर बैठक कल

सिवनी नवभारत। शीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में आगामी 15 दिसंबर को द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अंतिम तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' की उपस्थिति में संपन्न होगी। पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन की सफलता, गरिमा और सुव्यवस्थित संचालन हेतु बैठक में विस्तृत कार्ययोजना एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का यह आयोजन वृहद स्तर पर संपन्न होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से धार्मिक संत-महात्माओं के साथ-साथ कई वीवीआईपी अतिथि भी शामिल होंगे। आयोजन की गरिमा के अनुरूप आवास, भोजन, यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति ने सभी गुरुभाइयों, बहनों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे बैठक में उपस्थित होवें।

प्रेस वार्ता के दौरान कहा- प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा

प्रभारी मंत्री ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धियां

सिवनी नवभारत। प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। उन्होंने विगत दो वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई उपलब्धियों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन की भी उपस्थिति रही।

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसी प्रकार किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को नियमित रूप से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने साइबर तहसील व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि इससे राजस्व संबंधी सेवाएं अब ऑनलाइन, सरल एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे आम नागरिकों को समय और संसाधनों की बचत हो रही है।

प्रभारी मंत्री ने जिले में लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज के प्रारंभ होने को जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है तथा चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

उपलब्ध हो बेहतर शिक्षा

उन्होंने बताया कि जिले में 8 संदीपनि विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही जिले में पेंशन वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है तथा रोजगार सृजन, उद्योगों की स्थापना, नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास, पुल, पुलिया एवं सड़क निर्माण सहित अन्य विकासात्मक कार्यों की भी जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों को दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इस दिशा में शासन-प्रशासन निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

बिना किसी याचना से भगवान की करना चाहिए भक्ति

सिवनी नवभारत। बार बार किसी से कुछ न कुछ मांगने से संबद्ध खराब होता है, इसलिए जब भी मंदिर जाए तो भगवान से मांगे भगवान हमे आप अपने चरणों में बुला ले, आपकी कृपा हमेशा बनी रहे। भगवान को तो सब पता है वही सब कुछ देने और लेने वाले हैं। उक्ताशय की बात मरझोर रोड स्थित पैराडाईज लॉन में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ महोत्सव में शनिवार को आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी (मातृधाम) काशी ने श्रद्धालुओं से कही। कथा वाचक ने आगे कहा कि उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था।

कृष्ण कहते हैं कि मुझे वह भक्त प्रिया है जो बिना किसी कामना के पूजन करते हैं। भगवान की पूजन तो कीजिए लेकिन फल की इच्छा मत कीजिए। आपका जो पूजन है, आपकी जो आराधना है वह कभी व्यर्थ नहीं जाती। कथा आयोजक उषा दुबे, दिवेश-महिमा तिवारी, अरविंद ङ्क माधुरी तिवारी ने बताया कि रविवार को श्री राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई जाएगी।

न्यू पहल एजुकेशन संस्था ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 50 यूनिट ब्लड संग्रहित

सिवनी नवभारत। अंजुमन इस्लामिया जामा मस्जिद में न्यू पहल एजुकेशन संस्था ने शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 50 यूनिट ब्लड का से संग्रहित किया गया। आयोजको ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा और लोगों को ब्लड डोनेशन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर की सभी वर्गों ने सराहना की रक्तदान शिविर में पार्षद का महमूद भाई और जोएब जकी अनवर ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन में संतोष डेहरिया श्री तिवारी, मसूद खान, जामा मस्जिद से बाबू भाई , जावेद , मंजूर, आबिद, इरफान सहित न्यू पहल एजुकेशन संस्था के अध्यक्ष मिनहाज खान, एजाज़ खान व समस्त सदस्यों ने ब्लड डोनेशन कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। न्यू पहल एजुकेशन संस्था ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

17 दिसंबर को रोजगार मेला लखनादौन में

सिवनी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन जिला सिवनी में 17 दिसम्बर को युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ नौ कुण्डी गायत्री महायज्ञ

छपारा नवभारत। नगर के बैनगंगा नदी तट स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर गोल्डन टेंपल के सामने मैदान में गायत्री शक्ति पीठ के द्वारा शनिवार से शुरू हुए 9 कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरूआत हुई। जिसके प्रथम दिन में भव्य कलश यात्रा सिद्ध बाबा घाट प्राचीन शिव मंदिर से शुरू होकर के नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गोल्डन टेंपल यज्ञ स्थल में समाप्त हुई।

विदित हो कि छपारा नगर के धर्म प्रेमी बंधु माताओं बहनों ने अपने

सिर पर कलश रखकर बड़ी संख्या में कलश यात्रा में भाग लिया, इस दौरान गायत्री परिवार के सदस्य द्वारा पीला कुर्ता और महिलाएं पीली साड़ी पहनकर कलश यात्रा में शामिल हुई, जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया, एवं पुष्प वर्षा की गई ।

गायत्री परिवार सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक 9 कुंडी यज्ञ संपन्न होगा एवं दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया जाएगा जिसकी पूर्णाहुति 17 तारीख को होगी।

नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा का हुआ आयोजन

सिवनी नवभारत। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाड़ा अंतर्गत कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु चयन परीक्षा शनिवार 13 दिसम्बर को प्रात: 11.30 बजे से 1.30 बजे तक परीक्षा का आयोजन जिले के 37 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। जिसमें परीक्षार्थियों की कुल दर्ज संख्या - 11963, उपस्थित-10889, अनुपस्थित-1074, एवं नकल प्रकरण निरंक है। उन्होंने बताया कि सहायक संचालक श्री आर.आर. मेहता, ए.पी.सी. श्री एस. के. राय, प्राचार्य श्री अनुराग सक्सेना, एवं परीक्षा प्रभारी श्री रामसिंह तेकाम के द्वारा शास. उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट, शास.उ.मा.वि.गंगेरुआ, शास.उ.मा.वि.अरी, गुरुकुल हायरसेकेण्डरी विद्यालय बरघाट का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारु रुप से संचालित पाई गई।

अदालत पहली बार नगर के व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत आयोजित होने से करदाताओं ने जमा की राशि

छपारा नगर परिषद को लोक अदालत में हुई 15 लाख से अधिक की वसूली

छपारा नवभारत। नगर के जनपद पंचायत कार्यालय परिसर स्थित व्यवहार न्यायालय प्रांगण में नगर परिषद छपारा द्वारा नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर शनिवार को सुबह 10 बजे से लगाई गई पहली बार नगर में ही आयोजन की गई नेशनल लोक अदालत में कुल 434 प्रकरणों में नगर परिषद छपारा द्वारा कर बकायादारों से कुल 15,35629/- रुपए की लंबित राशि वसूली गई ज्ञात हो कि उक्त नेशनल अदालत नगर में ही आयोजित किए जाने से कर दाताओं के द्वारा पहुंचकर लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निराकरण करवाने में खासी रुचि ली गई क्योंकि इसके पूर्व लखनादौन पर आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत पर बकाया कर राशि को चुकाने में

रुचि नहीं दिखाई जा रही थी वहीं नगर परिषद छपारा प्रभारी सीएमओ गीता बाल्मिक के द्वारा दक्षता के साथ समयवार नोटिस वितरण किए जाने से धरातल में परिणामस्वरूप अच्छे परिणाम सामने आए और नगर परिषद छपारा के सम्पत्ति,जल और काम्प्लेक्स दूकानों का शेष कर बकायादारों एवं व्यापारियों द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत हो कर प्रकरणों पर आदेशानुसार राशि को जमा किया गया उक्त नेशनल लोक अदालत सहायक राजस्व निरीक्षक चमन लाल भरतिया के निर्देशन में आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद सीएमओ गीता बाल्मिक, नोडल अधिकारी दीपक उईके, सहायक नोडल अधिकारी दीपक पाठक कार्यालय प्रभारी संतोष रघुवंशी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

5 मामलों का राजीनामे से निराकरण

सिवनी नवभारत। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, सिवनी द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई। लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से 05 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जिसमें संबंधित 05 हितग्राहियों को कुल 3,16,842/- (तीन लाख सोलह हजार आठ सौ बयालिस रुपये मात्र) की राशि का भुगतान कराया गया। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग के पीठासीन अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुमार सोनकर, सदस्या श्रीमती उषा शर्मा, मध्यस्थता सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत एवं मध्यस्थता सदस्या श्रीमती चित्रा सहारे के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय से उपभोक्ताओं को शीघ्र न्याय दिलाया गया। आयोग द्वारा एक ही दिवस में राजीनामे के आधार पर प्रकरणों का समाधान कर उपभोक्ता न्याय व्यवस्था में एक सराहनीय कीर्तिमान स्थापित किया गया।

खुरसुरा व दलाल नाला में जनभागीदारी से हुआ बोरी बंधान

सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नावांकुर संस्था , मा रेवा ग्रामोत्थान समिति , सुलोचना स्मृति निकेतन शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण के महत्वपूर्ण उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाया गया। जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुरसुरा नाला एवं ग्राम पंचायत सकरी के दलाल नाला में बोरी बंधान कार्य को प्रभावी जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्यक्रम 12 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक अशोक बेंद्रे, नावांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, एवं मेंटर मोतीराम हरदुआ अरविंद बिसेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम विकास

प्रस्फुटन समिति खुरसुरा एवं सकरी के सदस्यों, एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। सभी ने मिलकर नाला में बोरी भरकर बांध बनाए, इस अवसर पर जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, ब्लाक समन्वयक अशोक बेंद्रे, बद्री सनोडिया, मेंटर मोतीराम हरदुआ, नावांकुर संस्था समिति अध्यक्ष अरविंद बिसेन, माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष अशोक बंदेवार, खुरसुरा सरपंच सोनम भुनेश्वर देशमुख, चंद्रकुमार बिसेन उपसरंपच, संदीप सोनी, नंदकिशोर बिसेन अध्यक्ष प्रस्फुटन समिति, श्रीराम बिसेन, मोतीलाल पटले, अनिल यादव, श्रीमती निर्मला सरयाम, मूलचंद सोनी, नितिन प्रजापति, अजय नागेश्वर, सकरी पंचायत से हेमलता पंचेश्वर सरपंच, अनीता सोनी, संतकुमारी ऐठेश्वर, कांतिबाई तिलेश्वर, रमनकुमारी ऐठेश्वर, प्रतिभा मानेश्वर, चंद्रकली दुर्गेश नागेश्वर जनपद सदस्य, दुर्गेश्वरी देशमुख, श्यामा बाई मानेश्वर, नीतू हरदिया, माधुरी मानेश्वर, राजवती पंचेश्वर सहित छात्र व ग्रामीण उपस्थित रहे।